THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) and (b). Yes, Sir. On an invitation from Shri Mohammad Tayyab, President, Darul Uloom, Deoband (Saharanpur), Prime Minister inaugurated the centenary celebrations of Darul Uloom on 21st March, 1980 at Deoband and not in New Delhi.

Centenary celebrations of the Darul Uloom, the renowned Islamic Educational Centre at Deoband, Uttar Pradesh, commenced on the 21st March, 1980. The celebrations were also accompained by a convocational conference of scholars which was being held at Deoband after a lapse of 70 years. About 6.000 foreign delegates from several Islamic countries attended these celebrations.

**परिवार नियोजन लक्ष्यों की उपलब्धि**

1309. **श्री भगवान देव** : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1977-78, 1978-79 और 1979-80 के दौरान, राज्यवार, परिवार नियोजन लक्ष्यों की उपलब्धि का प्रतिशत क्या रहा ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान जनसंख्या में राज्यवार, कितने-प्रतिशत वृद्धि हुई ;

(ग) चालू वर्ष के दौरान, राज्यवार, परिवार नियोजन के लक्ष्य क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार इस वर्ष के दौरान अब तक प्राप्त किए गए लक्ष्यों से सन्तुष्ट है ?

**स्वास्थ्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लास्कर)** :

(क) 1977-78, 1978-79 और 1979-80 की अपेक्षित सूचना सभा पटल पर रखे गये विवरण एक से तीन में दी गई है। [ग्रन्थालय में रखा गया। **देखिये** संख्या एल. टी-937/803]

(ख) 1977, 1978, 1979 तथा 1980 की अनुमानित जनसंख्या और 1977-78, 1978-79 तथा 1979-80 की वृद्धि दरें सभा पटल पर रखे विवरण चार में हैं। [ग्रन्थालय में रखा गया। **देखिये** संख्या एल. टी-937/80] ये भारत के महापंजीयक की अध्यक्षता में योजना आयोग द्वारा नियुक्त जनसंख्या प्रोजेक्शनों की विशेषज्ञ समिति द्वारा तैयार किये गये प्रोजेक्शनों पर आधारित हैं।

(ग) और (घ). 1980-81 के लिये परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों के राज्यवार लक्ष्य और अप्रैल, 1980 के महीने की उपलब्धि, जिसके आंकड़े अनन्तिम हैं, का एक विवरण पांच सभा पटल पर रखा है। [ग्रन्थालय में रखा गया। **देखिये** संख्या एल. टी-937/80] यह विवरण अप्रैल, 1980 के लक्ष्यों की प्रतिशत उपलब्धि भी दर्शाता है। इस विवरण में यह देखा जा सकता है कि अप्रैल, 1980 में 27 प्रतिशत आनुपातिक नसबंदी आपरेशन के लक्ष्य, 46 प्रतिशत लूप निवेशन के लक्ष्य, 24 प्रतिशत प्रचलित गर्भनिरोधकों के लक्ष्य तथा 7 प्रतिशत मुखसव्य गोलियों के उपयोगकर्ताओं के लक्ष्य प्राप्त किये गये हैं। वैसे, चालू वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति के बारे में कुछ कहने के लिए पहले महीने का कार्य ही काफी नहीं है। पिछले अनुभव से पता चलता है कि यह कार्य वर्ष के बीतने के साथ-साथ बढ़ता जाता है।

**31 दिसम्बर, 1979 को रद्द रेल गाड़ियां**

1310. **श्री भगवान देव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 दिसम्बर, 1979 को कितनी रेलगाड़ियां रद्द की गयीं;

(ख) जनवरी 1980 से ऐसी कितनी रेलगाड़ियों को पुन: चलाया गया ; और

(ग) शेष रेलगाड़ियों को कब तक पुन: चलाए जाने की संभावना है ; और उनकी संख्या क्या है ?

**रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन)**: (क) से (ग). 31-12-79 को सभी रेलों पर 181 जोड़ी गाड़ियां रद्द थीं जिनमें से 151 जोड़ी गाड़ियां फिर से चलायी जा चुकी हैं तथा कम यातायात होने के कारण 22 जोड़ी गाड़ियों को स्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है। जैसे-जैसे स्थिति में सुधार होगा, बिजली की कमी, बिजली में कटौती के कारण इंजनों के अनुरक्षण में कठिनाई, पानी की कमी, समुद्री तूफान से पीड़ित क्षेत्रों में इंजीनियरी कार्य आदि

विभिन्न कारणों से रद्द 8 जोड़ी गाड़ियों को भी दोबारा चलाया जायेगा ।

## नसीराबाद-बूंदी सम्पर्क

1311. **श्री भगवान देव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पता है कि ब्रिटिश शासन काल के दौरान नसीराबाद तथा बूंदी के बीच जिला अजमेर (राजस्थान) में बरास्ता सरवर्द, केकारी, देवोली तक एक अस्थायी रेल लाइन बिछायी गई थी जिस को बाद में एक स्थायी लाइन में बदला जाना था;

(ख) क्या सरकार इस लाइन को जो अभी भी अस्थायी है, स्थायी लाइन में बदलेगी जिससे कि इस पिछड़े क्षेत्र का विकास हो सके;

(ग) यदि हां, तो इस लाइन को स्थाई लाइन में कब तक बदला जायेगा; और

(घ) यदि नहीं, तो इसमें क्या दिक्कत अनुभव की जा रही है ?

**रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन):** (क) इतने समय बाद यह बताना संभव नहीं है कि नसीराबाद और बूंदी के बीच कोई अस्थायी रेलवे लाइन थी ।

(ख) और (ग). इस समय बूंदी के रास्ते कोटा को नसीराबाद से जोड़ने वाली कोई रेलवे लाइन नहीं है और न ही इन दोनों स्थानों के बीच कोई लाइन बिछाने का प्रस्ताव है ।

## Chinese invitation to Tibetans to visit their Homeland

1312. SHRI S. M. KRISHNA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that some Western countries are helping for the contact between the Tibetan exiles and the Chinese;

(b) whether some Tibetan exiles have already visited Peking and Tibet;

(c) if so, whether Government have been apprised of their impressions; and

(d) whether any invitations to visit their homeland have been extended by the Chinese Government direct to the Dalai Lama's Headquarters or through the Government of India?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) Government are not aware of such efforts.

(b) and (c). Delegations made up of Tibetans resident in India have visited China including Tibet. They have informed us that they had gone in response to invitations and appeals from the Government of China.

(d) As an act of courtesy, a broad and general picture of impressions gained by the first delegation were given to the Government of India.

## हीरा मिल, उज्जैन द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत जमा कराई गई धनराशि

1313. **श्री निहाल सिंह:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हीरा मिल्स, उज्जैन (मध्य प्रदेश) द्वारा जनवरी, 1977 से मई 1980 के भीतर कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि जमा कराई गई;

(ख) इस बारे में उन की ओर अभी कितनी धनराशि बकाया है; और

(ग) अब तक उसकी वसूली न किये जाने के क्या कारण हैं?

**श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी. अंजैया):** (क) और (ख). कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने सूचित किया है कि 48,35,800/-रुपये की धनराशि जमा कराई गई है और कोई राशि बकाया नहीं है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।